आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के जरिये नव–नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। रोजगार मेला पूरे देश के 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे। नवनियुक्त युवाओं को आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के जरिये बुनियादी प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा। इस पोर्टल पर 14 सौ से अधिक ई–लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध है। ये पाठ्यक्रम युवाओं को अपना कार्य प्रभावशाली तरीके से करने के आवश्यक कौशल सिखाने और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में कार्य करने के लिए तैयार करेंगे।

इस बीच शिमला में भी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस मौके पर सैंकड़ों युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

औद्योगिक प्लांट

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सोलन ज़िले के नालागढ़ में किन्विन औद्योगिक प्लांट का वर्चुअल माध्यम से उदघाटन करेंगे। यह प्लांट देश में 50 फीसदी एंटीबायोटिक के कच्चे माल की मांग को पूरा करेगा। उद्योग मत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि इस प्लांट के निर्माण पर 5 सौ करोड़ रूपये की लागत आई है। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी मौजूद रहेंगे।

टांडा मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल कांगड़ा जिला के टांडा मैडिकल कॉलेज में 10.27 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ट्रामा सेंटर लेवल–दो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस ट्रामा सेंटर में मशीनरी और उपकरणों की खरीद पर 6 करोड़ रुपये, निर्माण कार्यों पर 1.50 करोड़ रुपये और अन्य संबद्ध सेवाओं पर 2.77 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रामा सेंटर के लिए विभिन्न श्रेणियों के 95 पद स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 72 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है तथा शेष पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद टांडा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में चरणबद्ध तरीके से सुविधाओं को बढ़ा रही है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त उपचार विकल्प प्रदान करना है, ताकि मरीजों को कहीं और महंगे उपचार की आवश्यकता न पड़े।

बिलासपुर दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज जिला बिलासपुर के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का उद्घाटन करेंगे। वे बिलासपुर में राज्य की पहली डिजिटल लाईब्रेरी और उपायुक्त कार्यालय परिसर में विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उनका मंडी भराड़ी में वाटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर टूरिज्म एक्टिविटी का उद्घाटन करने का भी कार्यक्रम है।

धनतेरस

आज धनतेरस के साथ ही दीपावली पर्व की शुरूआत हो गई है। आज के दिन भगवान धनवंतरि प्रकट हुए थे। साथ ही इस दिन कुबेर भगवान की पूजा की जाती है। इस दिन घर की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए लोग सोना, चांदी, बर्तन से लेकर झाड़ू तक शुभ चीजों की खरीददारी करते हैं। शिमला सहित प्रदेशभर में धनतेरस पर्व को मनाने के लिए बाजार पूरी तरह सजे हुए हैं। लोग भी जमकर सामान की खरीददारी कर रहे हैं।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है दूरदराज के स्कूलों में सेवानिवृत शिक्षकों की सेवाएं लेगी सरकार–पॉलिसी बनाने में जुटा शिक्षा विभाग।

पंजाब केसरी की एक खबर है टांडा में स्थापित होगी उच्च स्तरीय प्रयोगशाला। हिमाचल दस्तक के अनुसार मेडिकल कॉलेजों में सुविधाओं को बढ़ा रही सरकार।

हाईकोर्ट के आदेश–पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के बदले प्रत्यारोपण का प्रावधान करे सरकार शीर्षक से दैनिक भास्कर ने लिखता है शिमला–कांगड़ा एनएच के विस्तारीकरण के लिए काटे जा रहे पेड़ों से जुड़ा मामला।

दैनिक जागरण की खबर है हिमाचल में आज कई योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री।

दिव्य हिमाचल की एक सुर्खी है कर्मचारियों, पेंशनरों की दिवाली, पेंशन के साथ चार फीसदी डीए भी खाते में डाला।

मौसम पर आपका फैसला के शब्द हैं कुछ भागों में आज बारिश की संभावना।